(ग) इन रिक्त पदों को भरने के लिये क्या कदम उठाये गये हैं अथवा उठाये जा रहे हैं?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) से (ग) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 25-10-91 के अनुदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित बकाया रिक्तियों को भरने के लिए एक विशेष भर्ती अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान (4.7.92 तक) भरी गई रिक्तियों और अभी भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या का एक विवरण संलग्न है (**नीचे देखिए**)। जिन रिक्तियों को अभी भरा जाना है, उनके मामले में, संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग/रोजगार कार्यालयों को मांग-पत्र भेजने, समाचार पत्रों आदि में विज्ञापन देने सहित सभी कदम उठाए जा चुके हैं।

विवरण

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित बकाया रिक्तियों को निपटाने के लिए चलाए गए विशेष भर्ती अभियान के दौरान भरी गई तथा अभी भरी जाने वाली रिक्तियों का विवरण (4.7.92 को)।

पदों की श्रेणी	भरे गए पदों की संख्या		अभी भरे जाने वाले पदों की सं०	
	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
ग्रुप "क" .	14	7	7	3
ग्रुप "ख" .	5	4	6	13
ग्रुप "ग" .	770	699	156	290
ग्रुप "घ" .	6	16	—	—

राष्ट्रीय नागरिक सेना

645. **श्री अजीत जोगी** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में विद्रोह, आन्तरिक अशान्ति और आतंकवाद का सामना करने के लिए राष्ट्रीय सिविल सेना का गठन करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० एम० जैकब) : (क) जी नहीं, श्रीमान।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

National policy on militants

646. DR. BAPU KALDATE:
SHRIMATI KAMLA SINHA:

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state: